आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 शुक्रवार — दिनांक 29.11.2024

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

- **केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज भुवनेश्वर में पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय सम्मेलन का उद्घाटन किया।**
- **नगर पालिकाओं और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों को लेकर राज्य निर्वाचन आयुक्त ने आज दुर्ग संभाग की बैठक ली।**
- **छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने राज्य सेवा परीक्षा–दो हजार तेईस का परिणाम जारी कर दिया है।**
- **मौसम विभाग के अनुसार बस्तर संभाग के दक्षिणी भाग में कल से वर्षा का दौर प्रारंभ होने की संभावना।**

**अखिल भारतीय सम्मेलन**

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज भुवनेश्वर में पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। तीन दिवसीय इस सम्मेलन में आंतरिक सुरक्षा, साइबर अपराध, माओवादी खतरे, कृत्रिम मेधा और ड्रोन हमले जैसी उभरती चुनौतियों पर विचार–विमर्श होगा। आतंकवाद से निपटने पर भी चर्चा होगी। इस दौरान विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक भी प्रदान किए जाएंगे। सम्मेलन में सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के पुलिस महानिदेशक और सीआरपीएफ एनएससी खुफिया ब्यूरो तथा एसपीजी के प्रमुख भाग ले रहे हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और गृह मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल और परसों सम्मेलन में भाग लेने के लिए आज शाम भुवनेश्वर पहुंचेंगे।

**राज्य निर्वाचन आयुक्त–बैठक**

राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह की अध्यक्षता में आज नवा रायपुर में नगर पालिकाओं और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों को लेकर दुर्ग संभाग की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में दुर्ग के संभागायुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी शामिल हुए। बैठक में चुनाव की तैयारी, सुरक्षा व्यवस्था, मतदान केन्द्रों की स्थिति और निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में चुनाव के सुचारू और सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों ने प्रस्तुतिकरण के माध्यम से अपने–अपने जिलों के निर्वाचन की तैयारियों की जानकारी दी। गौरतलब है कि तीन दिसंबर को रायपुर संभाग और चार दिसंबर को जगदलपुर संभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की समीक्षा बैठक होगी।

**भाजपा–संगठन पर्व कार्यशाला**

भारतीय जनता पार्टी द्वारा तीस नवंबर और एक दिसंबर को नगरीय निकाय और त्रि–स्तरीय पंचायत चुनावों की तैयारियों को लेकर संभाग स्तरीय बैठकें आयोजित की जाएगी। इन बैठकों में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, राष्ट्रीय चुनाव प्रभारी अरुण बंसल, चुनाव पर्यवेक्षक गजेंद्र पटेल, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय और वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल होंगे। भाजपा प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा ने बताया कि रायपुर स्थित प्रदेश कार्यालय में तीस नवंबर को बिलासपुर, सरगुजा और बस्तर संभाग की पदाधिकारियों की बैठक होगी। वहीं, एक दिसंबर को रायपुर और दुर्ग संभाग की पदाधिकारियों की बैठक होगी। वहीं, भारतीय जनता पार्टी द्वारा कल तीस नवंबर को रायपुर के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में संगठन पर्व कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने बताया कि इस कार्यशाला में प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव और संगठन महामंत्री पवन साय शामिल होंगे।

**दीपक बैज–पत्रकारवार्ता**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने राज्य सरकार पर किसानों से कम धान खरीदी करने का आरोप लगाया है। रायपुर में एक पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान में सरकार की नीति के कारण धान

खरीदी धीमी गति से हो रही है, जिससे धान खरीदी का लक्ष्य प्राप्त करना असंभव लग रहा है। उन्होंने अनावरी रिपोर्ट को गलत बताया। साथ ही बारदाने की उपलब्धता सहित टोकन सिस्टम पर भी सवाल उठाए।

**पीएससी–परिणाम**

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने राज्य सेवा परीक्षा–दो हजार तेईस का परिणाम जारी कर दिया है। रविशंकर वर्मा ने प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। इसके साथ ही दूसरे स्थान पर मृणमयी शुक्ला, तीसरे स्थान पर आस्था शर्मा, चौथे स्थान पर किरण राजपूत और नंदिनी ने पांचवा स्थान हासिल किया है।

गौरतलब है कि राज्य सेवा मुख्य परीक्षा इस वर्ष चौबीस से सत्ताईस जून के बीच आयोजित की गई थी, जबकि साक्षात्कार अट्ठारह से अट्ठाईस नवंबर के बीच हुए थे। साक्षात्कार के लिए कुल सात सौ तीन अभ्यर्थियों को चिन्हांकित किया गया, जिनमें से सभी ने साक्षात्कार में हिस्सा लिया। लिखित परीक्षा और साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के कुल योग के आधार पर सात सौ तीन अभ्यर्थियों की मेरिट सूची जारी की गई ळें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सफल अभ्यर्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं के कंधे पर छत्तीसगढ़ के विकास की महती जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री श्री साय ने उम्मीद जताई है कि राज्य सेवा परीक्षा में चयनित युवा शासकीय सेवा में आकर पूरी ईमानदारी से जनता की सेवा करेंगे। आकाशवाणी समाचार से बातचीत करते हुए रविशंकर वर्मा ने राज्य सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं से कहा कि परीक्षा की तैयारी एकाग्रता और धैर्यपूर्वक करें, तभी सफलता मिलेगी।

**बातों–बातों में**

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार **धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान और जनजातीय कल्याण से संबंधित योजनाओं पर आदिम जाति, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणी बोरा से** ली गई भेंटवार्ता का प्रसारण किया जाएगा। यह कार्यक्रम आकाशवाणी केंद्र रायपुर से कल तीस नवंबर को सुबह साढ़े दस बजे से प्रसारित होगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

**माओवादी–आत्मसमर्पण**

दंतेवाड़ा जिले में चलाए जा रहे लोन वर्राटू अभियान से प्रभावित होकर आज एक लाख रूपए के इनामी माओवादी ने आत्मसमर्पण किया है। इस माओवादी ने दन्तेवाड़ा रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप, सीआरपीएफ के पुलिस उप महानिरीक्षक राकेश कुमार और पुलिस अधीक्षक गौरव राय के समक्ष आत्मसर्पण किया। आत्मसमर्पित माओवादी पूर्वी बस्तर डिवीजन के बयानार एरिया कमेटी में जनमिलिशिया कमांडर के पद पर सक्रिय था। इस माओवादी पर पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने, आईईडी लगाने और आगजनी जैसी बड़ी घटनाओं में शामिल रहने का आरोप है। आत्मसमर्पित माओवादी को राज्य की पुनर्वास नीति के तहत् पच्चीस हजार रूपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

इस बीच, बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र से सुरक्षा बलों ने दो आईईडी बरामद किए हैं, जिसे माओवादियों ने बीयर की बोतल में लगा रखा था। बीजापुर की संयुक्त टीम पोजेंर, काकेकोरमा, पेदाकोरमा की ओर सर्चिंग के लिए निकली थी। इसी दौरान दो–दो किलोग्राम के दो आईईडी को बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि यह पहली बार है कि माओवादियों ने बीयर की बोतल में कार्डेक्स और स्प्लींटर लगाकर इसे आईईडी का रूप दिया। दोनों आईईडी को बम निरोधक दस्ते की टीम ने मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया।

**राज्य वीरता पुरस्कार**

प्रदेश के बच्चों को दिए जाने वाले राज्य वीरता पुरस्कार के लिए दो जनवरी तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। किसी घटना विशेष में बच्चों के अदम्य साहस के लिए प्रत्येक वर्ष पांच बालक–बालिकाओं को राज्य वीरता पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इसके तहत बालक–बालिकाओं को पच्चीस–पच्चीस हजार रुपए और प्रशस्ति पत्र पुरस्कार के रूप में प्रदान किए जाते हैं। ये आवेदन महिला और बाल विकास विभाग में जमा किए जा सकते हैं। पुरस्कार के लिए बालक–बालिका की आयु घटना के समय अट्ठारह वर्ष तक होनी चाहिए।

**अनबर ढेबर–जमानत याचिका**

शराब घोटाले मामले के आरोपी अनवर ढेबर को हाईकोर्ट से मिली जमानत को सुप्रीम कोर्ट ने आज रद्द कर दिया है। बताया जा रहा है जिस मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर अनवर ढेबर को जमानत मिली थी, वही गलत साबित हो गई है। गौरतलब है कि हाईकोर्ट ने किडनी और गॉलब्लैडर स्टोन की मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर जुलाई में

अनवर ढेबर को अंतरिम जमानत दी थी। बताया जा रहा है कि अनवर ढेबर की मेडिकल रिपोर्ट बनाने वाले डीकेएस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के एक गेस्ट्रो सर्जन पर सख्त कार्रवाई की गई है। गलत मेडिकल रिपोर्ट बनाने के आरोप में राज्य सरकार की ओर से डॉक्टर के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई गई है।

## जल संरक्षण–कार्यशाला

ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशेंसी–बीईई द्वारा ऊर्जा और जल संरक्षण के लिए किसानों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से आज दुर्ग जिले के पाहंदा स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में बिजली और जल के अत्यधिक दोहन से उत्पन्न ऊर्जा संकट तथा निरंतर गिरते हुए जल स्तर के कारण भविष्य में आने वाली कठिनाईयों और निदान पर चर्चा की गई। कार्यशाला में क्रेडा विभाग के जिला प्रभारी रवीन्द्र कुमार देवांगन द्वारा सोलर पंप और अन्य सौर संयंत्रों के सफल संचालन की जानकारी भी किसानों को दी गई। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ वैज्ञानिक और निदेशक डॉक्टर विजय जैन, कृषि विभाग के उप संचालक संदीप भोई और उद्यानिकी विशेषज्ञ कमल नारायण वर्मा इस कार्यशाला में शामिल हुए। कार्यशाला में विभिन्न गांवों के लगभग सत्तर किसान उपस्थित थे।

## बैडमिंटन प्रतियोगिता

चौबीसवीं छत्तीसगढ़ सीनियर राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता  आज से भिलाई में शुरू हुई। भिलाई इस्पात संयंत्र बॉल बैडमिंटन क्लब और छत्तीसगढ़ बॉल बैडमिंटन संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों की छत्तीस टीमें भाग ले रही है। यह प्रतियोगिता एक दिसंबर तक चलेगी। इस प्रतियोगिता के माध्यम से महिला और पुरुष सीनियर वर्ग की टीम का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। महिला वर्ग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता मुंबई में छब्बीस से उनतीस दिसंबर तक आयोजित होगी। वहीं, पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन फरवरी महीने में कर्नाटक में किया जाएगा।

## मौसम

दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी में एक गहरा अवदाब बना हुआ है, जिसके कारण प्रदेश के दक्षिणी भाग में नमी का आगमन लगातार जारी है। इसके प्रभाव से प्रदेश के न्यूनतम तापमान में वृद्धि होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार बस्तर संभाग के दक्षिणी भाग में कल तीस नवंबर से वर्षा का दौर प्रारंभ होने की संभावना है। वहीं, मध्य छत्तीसगढ़ में एक दिसंबर से हल्की वर्षा का दौर प्रारंभ होगा।

## संक्षिप्त समाचार

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के वंशज मंगल मुंडा के निधन पर दुख जताया है।

– राज्य सरकार ने नौ विशेषज्ञ चिकित्सकों और दस चिकित्सा अधिकारियों के संविदा नियुक्ति आदेश जारी किए हैं।

– बलरामपुर जिले के पुटसू गांव में बांध में डूबने से एक बच्ची और उसकी मां की मौत हो गई।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>